तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 12 नवम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 शीतलहर के प्रभाव से पारा में रिकॉर्ड गिरावट


SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सचेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## गला घोंटकर उतारा मौत के घाट

# चार महीने से लापता किशोरी का मिला कंकाल, नाबालिग प्रेमी निकला हत्यारा




जंगल से बराम युवती के कंकाज व परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चार महीने से लापता किशोरी की हत्या कर शव को जंगल में दफन करने का मामला सामने आया है। किशोरी की हत्या उसके नाबालिग प्रेमी ने की थी। पुलिस ने संदेही की निशानदेही पर जंगल से कंकाल बरामद किया है। जंगल में किशोरी का कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस दवरा कंकाल को जब्त करने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**

- चिरगा जंगल में दफन की लाश, जांच जारी

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रमकोला थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीया संगीता रजक शहर के पटपरिया में किराए के मकान में अपनी सहेलियों के साथ रहकर काम करती थी और 4 अगस्त को किशोरी अपने किराए के मकान से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। किशोरी के घर नहीं आने पर खोजबीन ⏭ शेष पेज 4 पर

### कराया जाएगा डीएनए टेस्ट

बताया जा रहा है कि मौके से पुलिस को मृतिका का बैग भी घटना स्थल से मिला है जिसमें उसके दो जींस और कपड़े मले है। कपड़ों से किशोरी की पहचान उसकी मां और सहेलियों ने की है फिर भी पुलिस ने कंकाल का सैम्पल लिया है जिसे डीएनए के लिए भेजा जाएगा। मृतिका संगीता रजक के पिता रामजीत रजक की पूर्व में मौत हो चुकी थी। वह अपनी मां और भाई के साथ रहती थी और शहर में किराए के मकान में रहकर काम करती थी।

### शादी समारोह में हुई थी दोनों की पहचान

पुलिस के अनुसार मृतिका संगीता रजक और नाबालिग आरोपी की पहचान एक शादी समारोह में हुई थी जहां दोनों ने मोबाइल नम्बर का आदान प्रदान किया। दोनों के बीच बाद में प्रेम संबंध स्थापित हो गया। मृतिका अंबिकापुर आने के बाद अपने प्रेमी पर शादी का दबाव बना रही थी। उसने प्रेमी से कहा था कि वह उसके घर रहने आ रही है जिसके बाद ही नाबालिग प्रेमी ने हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार 3 अगस्त को नाबालिग प्रेमी बाइक से अंबिकापुर आया और संगीता से मुलाकात कि। 4 अगस्त को वह संगीता को घुमाने के बहाने बतौली के चिरगा ले गया और जंगल में उसके सिर पर पत्थर से वार कर दिया जिससे वह गिर गई। किशोरी के गिरने पर गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को वहीं गड्ढा खोदकर दफन करने के साथ ही उसका बैग भी वहीं दबा दिया।

### चल रही है जांच

गुमशुदगी के मामले में जांच के बाद कंकाल बरामद किया गया है। इस मामले में जांच और पूछताछ चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

# पूर्व मंत्री व मृतक के परिजन ने की आईजी से मुलाकात, फिर से पीएम की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चोरी के आरोप में पुलिस हिरासत में लिए गए युवक की मौत के मामले में तीसरे दिन भी पुलिस व परिजन के बीच शव के अंतिम संस्कार को लेकर सहमती नहीं बन पाई। इस बीच परिजन ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ आईजी से मुलाकात की। आईजी ने परिजन को पुनः पीएम कराने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट से मिलकर अनुमति लेने की बात कही जबकि अन्य शिकायतों पर अपनी ओर से जांच टीम गठित कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इन सब के बीच तीसरे दिन भी परिजन युवक का शव लेने और अंतिम संस्कार के लिए राजी नहीं हुए है। बता दें कि धनंजय ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सीतापुर के बादी गिरोह को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ के बाद 50 लाख रुपए के चोरी के जेवर, सोना चांदी और नगदी रकम बरामद किया लेकिन इस बीच हिरासत में लिए गए एक आरोपी 19 वर्षीय उमेश सिंह की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस ने न्यायिक जांच की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नियमानुसार पीएम कराया लेकिन परिजन ने पीएम के बाद शव लेने से इनकार कर दिया है। परिजन का कहना है कि पुलिस ने उनकी गैर मौजूदगी में पीएम कराया और मौत के बाद भी शव देखने नहीं दिया गया। परिजन की मांग है कि फिर से मृतका का पीएम अंबिकापुर या सीतापुर के डॉक्टरों की टीम से कराया जाए, परिजन को 1 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि दी जाए और दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर हो। इन मांगों के पूर्ण नहीं होने ⏭ शेष पेज 4 पर

- तीसरे दिन भी नहीं शव लेने नहीं बन पाई सहमति, अब तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार



### परिजन कर रहे न्याय की मांग

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि पुलिस उमेश सिंह को सही सलामत उठाकर ले गई और दो दिन बाद उसकी पुलिस हिरासत में मौत हो गई। परिजन को युवक से मिलने नहीं दिया गया। मृत बच्चे को देखने गए लोगों को लाठी मारकर खदेड़ दिया गया। इस अमानवीय कृत्य के लिए सरकार और पुलिस को आगाह करते है कि यह प्रजातंत्र और छग के आवाम के लिए अच्छा सन्देश नहीं है। सरकार की नैतिक जवाबदारी है लोगों को सुरक्षा प्रदान करना, जो परेशान है उसको संरक्षण देना, जिनके साहत गलत हुआ है उन्हें न्याय मिले। आदिवासियों को उम्मीद थी कि हमारे पड़ोसी मुख्यमंत्री बने है हमारी बात सुनी जाएगी और न्याय होगा लेकिन इन सब उम्मीदों पर पानी फिर गया। अगर रक्षक ही भक्षक हो जाए तो लोग कहां जाएंगे। मां, बहनें बिलख रही है उनको न्याय दिलाने के बदले रोक दिया जा रहा है गांव में बेरिकेट लगाया जा रहा है। सरकार से आग्रह है कि इस प्रकरण में आप पर्दा डालने की कोशिश ना करें। अगर कोई दोषी है तो उसे बचाने की कोशिश ना की जाए। यह मामला काफी संवेदनशील है, तीसरा दिन है और अब तक अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है परिजन न्याय की मांग कर रहे है।

### मामला न्यायिक जांच की परिधि में

मृतक के परिजन ने अपनी मांगें रखी है। उन्हें कहा है कि वर्तमान में न्यायिक जांच हो रही है और नियमतः मजिस्ट्रेट के माध्यम से ही जांच कराना उचित होगा। अन्य शिकायतों पर हमारे स्तर से भी जांच व कार्रवाई होगी लेकिन पूरा मामला न्यायिक जांच की परिधि में है, कथन कराने के लिए विशेष आग्रह किया गया है। वे मजिस्ट्रेट के सामने अपनी बात रखे। बॉडी सुरक्षित मर्च्युरी में रखा गया है। परिजन से शव का अंतिम संस्कार करने का आग्रह किया गया है।

-दीपक झा, आईजी

## खबर संक्षेप

### स्वाध्यायी परीक्षार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन 15 तक

**अम्बिकापुर।** एसजीजीयू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन तिथि को बढ़ा दी है। पूर्व में विवि के वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन एवं नामांकन की तिथि 11 नवम्बर तक निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 15 नवम्बर कर दिया गया है। विवि ने छात्र हित में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षा के ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि भी बढ़ा दी है। परीक्षार्थी अब 11 नवम्बर के बजाय 15 नवम्बर तक पोर्टल पर ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे।

### चार पुलिसकर्मी किए गए लाइन अटैच

**अंबिकापुर।** बलरामपुर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए संदेही की मौत के मामले में आईजी ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में आईजी ने चार पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। बड़ी बात यह है कि मंगलवार को पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ मृतक के परिजन ने आईजी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर मृतक उमेश सिंह को घर से उठाकर ले जाने और बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया था। परिजन का कहना था कि उमेश सिंह की पिटाई की गई जिससे उसकी मौत हुई और मौत के बाद शव को देखने तक नहीं दिया गया। परिजन लगातार इस मामले में दोषियों पर एफआईआर और निलंबन की मांग कर रहे थे। ऐसे में आईजी दीपक झा ने भी उन्हें अपने स्तर पर जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस बीच देर शाम आईजी ने पुलिस हिरासत में उमेश सिंह की मौत के मामले में साइबर सेल से निरीक्षक हिम्मत सिंह शेखावत, बलरामपुर थाना से सउनि राधेश्याम विश्वकर्मा, साइबर सेल से आरक्षक आकाश तिवारी, व महिला आरक्षक माधुरी कुजूर को तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र अटैच कर दिया है।

# 2.87 करोड़ की ज्वेलरी डकैती मामले में अदालत ने पांच आरोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

राज्य को झकझोर देने वाली राजेश ज्वेलर्स डकैती प्रकरण में सत्र न्यायाधीश हेमंत सराफ की अदालत ने सोमवार को पांच आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों में महिला अभियुक्त अंजनी एक्का भी शामिल है।

- महिला आरोपी अंजनी एक्का भी दोषी, फरार आरोपियों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी

11 सितंबर 2024 की दोपहर करीब 1.15 बजे रामानुजगंज गांधी चौक स्थित राजेश ज्वेलर्स में आठ हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया था। पिस्तौल व देशी कट्टों से लैस लुटेरों ने दुकान मालिक राजेश सोनी को पिस्टल के कुंदे से मारकर घायल कर दिया और 5 किलो सोना, 7 किलो चांदी, 7 लाख नकद और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। कुल लूट की कीमत करीब 2.87 करोड़ आंकी गई। घटना के समय ग्राहक लालेश्वर गुप्ता व उनकी पत्नी शोभा गुप्ता भी दुकान में मौजूद थे, जिनसे भी सोने की चैन, अंगूठी और मोबाइल छीन लिए गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरोह के सदस्यों की पहचान की और मुख्य आरोपियों को झारखंड व छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया। सत्र न्यायाधीश हेमंत सराफ ने फैसले में कहा दिन-दहाड़े बाजार में हथियारों के बल पर की गई यह डकैती समाज में भय का वातावरण उत्पन्न करती है। ऐसे अपराधों पर कठोरतम दंड आवश्यक है।



### दोषी ठहराए गए आरोपी

आनंद सोनी उर्फ सोनू सोनी, मोनू सोनी उर्फ राजा सोनी उर्फ बुकिंग, राहुल मेहता,अरविंद कुमार व अंजनी एक्का शामिल है। इन पांचों को धारा 310(6) व 311 के तहत दोषी पाया गया। मोनू सोनी को अतिरिक्त रूप से आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत भी दोषी ठहराया गया। धारा 310(6)के तहत आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपए जुर्माना, धारा 311 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए जुर्माना, मोनू सोनी को आयुध अधिनियम धारा 25 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना, जुर्माना न देने पर क्रमशः 3 माह, 3 माह और 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### जब्त माल सुपुर्द

जब्त सोना 4208.7 ग्राम, चांदी 6800 ग्राम तथा बोलेरो वाहन, बाइक, हथियार और अन्य वस्तुएं न्यायालय अभिरक्षा में रखी गई हैं। शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक अशोक गुप्ता द्वारा की गई वहीं प्रकरण की विवेचना तात्कालिक निरीक्षक रमाकांत तिवारी ने की थी।

### अभियुक्ता अंजनी एक्का की भूमिका

पुलिस जांच में पाया गया कि अंजनी एक्का ने मुख्य आरोपी सोनू सोनी के साथ मिलकर लूट के आभूषणों को खपाने और धन को अपने खाते में रखने में सहयोग किया था। उसके बैंक खाते से 6 लाख 59 हजार 500 की राशि बरामद हुई, जिसे अदालत ने अपील अवधि के बाद पीड़ित राजेश सोनी को लौटाने का आदेश दिया है।

### फरार आरोपी अब भी पुलिस पकड़ से बाहर

अदालत ने अभियुक्त विक्की सिंह, रोहित कुमार सिंह, राधेश्याम कुमार उर्फ श्याम पासवान को फरार घोषित कर स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं डबलू प्रसाद गुप्ता और रविकांत पासवान उर्फ साधु के खिलाफ जब्ती व गिरफ्तारी की कार्रवाई शेष है।

# नव नियुक्त कुलपति प्रो.कालपाले ने संभाला कार्यभार, किया विभागों का भ्रमण

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि के नवनियुक्त कुलपति प्रो.राजेन्द्र कालपाले ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। वे सुबह विवि के पुराने भवन स्थित कुलपति कार्यालय पहुंचे एवं पदभार संभाला। इस दौरान कार्यवाहक कुलपति प्रो.पीपी सिंह एवं कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी सहित विवि के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



कार्यभार ग्रहण करने के दौरान उनसे मिलने बड़ी संख्या में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक पहुंचे थे। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा एवं कृषि महाविद्यालय में संचालित शोध गतिविधियों की जानकारी ली। कृषि वैज्ञानिकों को बिदा करने के बाद कुलपति प्रो.कालपाले ग्राम पंचायत भकुरा स्थित विवि परिसर पहुंचे तथा कुलसचिव डॉ.त्रिपाठी के साथ प्रशासनिक कार्यालय के सभी विभागों का भ्रमण कर अधिकारी-कर्मचारियों से मिलकर उनका परिचय एवं कामकाजी की जानकारी ली। उन्होंने कुलसचिव डॉ.त्रिपाठी से विवि में उपलब्ध सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने विवि के शैक्षिक विभागों की स्थिति की भी जानकारी ली। चर्चा उपरांत उन्होंने कुलसचिव डॉ.त्रिपाठी एवं सहायक कुल सचिव श्री अग्रवाल के साथ परिसर में निर्माणाधीन भवनों एवं पूर्ण हो चुके भवनों का ⏭ शेष पेज 4 पर

# टीकाकरण के बाद दो माह के मासूम की मौत परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण के बाद दो माह के मासूम की मौत का मामला सामने आया है। टीका लगने के कुछ घंटे बाद ही उस की तबीयत बिगड़ गई। परिजन ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजा की मांग की है।

- स्वास्थ्य विभाग ने गठित की जांच टीम

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम ओकरा निवासी जगदीश कौशिक के दो माह एक बच्चे का 7 नवंबर को टीकाकरण किया गया था। टीका लगने के कुछ घंटे बाद ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन वहां कोई भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। इलाज के अभाव में परिजन बच्चे को वापस घर ले आए जहां अगली सुबह उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजन ने इस मामले में स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजन ने इस संबंध में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपने के साथ ही कार्रवाई की मांग की है। परिजन की मांग है कि दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए और 5 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाए। इधर इस घटना के बाद सीएमएचओ के निर्देश पर जांच टीम गठित कर दी गई है। बीएमओ के नेतृत्व में मामले की जांच कराने के साथ ही बच्चे का पीएम कराया गया है।



### चल रही है जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम गठित की गई है। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. रमेश जायसवाल, बीएमओ

## पुलिस ने पीटा एक्ट के तहत की कार्रवाई, घर से मिली आपत्तिजनक सामग्री

# शहर के बीच चल रहा था देह व्यापार का कारोबार, एक महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में देह व्यापार के रैकेट का खुलासा हुआ है। महिला थाना पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई के दौरान लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। घटना स्थल से पुलिस को बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि शहर में पुलिस को लम्बे समय से शहर में देह व्यापार के अवैध कारोबार की सूचना मिली रही थी। महिला अपने घर में बाहर से युवतियां बुलवाकर लोगों से पैसे लेकर वेश्यावृत्ति करवा रही थी। सूचना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घर में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान उक्त घर से पुलिस ने संदिग्ध हालत में युवक-युवतियों को पकड़ा। पुलिस की जांच के दौरान मौके से कुल चार युवतियों को पकड़ा गया था। सभी युवतियां सरगुजा के बाहर की है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में उपयोग किये गए निरोध, नए पैकेट मे बंद निरोध, 2000 रुपए नगद व डायरी जब्त किया। पुलिस के अनुसार घर में देह व्यापार का कारोबार महिला द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने जब महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने घर में अनैतिक देह व्यापार को संचालित करने की बात स्वीकार की महिला युवकों को संपर्क कर युवतियों की देह व्यापार कराने का रेट एवं उसके एवज में स्वयं का कमीशन की बात कही। उक्त आरोपिया द्वारा अनैतिक कृत्य के लिये युवको से राशि लेना, कमरा उपलब्ध कराकर घर की आड़ में युवतियों से वैश्यावृति का संचालन कर अवैध रूप से आय अर्जित करने का कृत्य पाये जाने से अपराध धारा 3,4,5,7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि. 1956 का पाए जाने पर धारा 3,4,5,7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि. 1956 का अपराध पंजीबद्ध कर बाद थाना आकर मामले मे नम्बरी अपराध दर्ज कर महिला को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व मे महिला आरक्षक सरला टोप्पो, निक्की मिश्रा आरक्षक अतुल सिंह एवं विकास सक्रिय रहे।




### चल रही है जांच

देह व्यापार के मामले में रेड कार्रवाई की गई है। इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर पीटा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

-राहुल बंसल, सीएसपी

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
15 नवंबर 2025 (शनिवार) को अंबिकापुर में

छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. सतीश सूर्यवंशी
MD, DM (Cardiology)
स्थानः- लाइफ लाइन हॉस्पिटल गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांकः- 15 नंवबर 2025 (शनिवार) समयः सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, SECL,
आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
7354882583/9755534404

Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in

## खबर संक्षेप



### इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई विविध प्रतियोगिताएं

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में सोमवार को नशामुक्त भारत अभियान एवं जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सूरज पटेल ने रामभजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम समन्वयक महीधर दुबे, नशामुक्त भारत अभियान एवं जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में बताया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मादक द्रव्यों के उपयोग से होने वाली हानि के प्रति लोगों को जागरूक करना है। जनजातीय नायकों के पराक्रम, दूरदर्शिता और योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा पूरे देश में मनाया जा रहा है। पखवाड़े भर चलने वाला यह उत्सव औपनिवेशिक उत्पीड़न के विरुद्ध प्रतिरोध के चिरस्थायी प्रतीक, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले जनजातीय गौरव वर्ष का हिस्सा है। इस दौरान निबंध, भाषण, परिचर्चा, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

### कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम लॉन्च

**अंबिकापुर।** कांग्रेस पार्टी ने जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ताओं के चयन के लिए कांग्रेस की आवाज के नाम से नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम लॉन्च किया है। कार्यक्रम उद्देश्य विशेष तौर पर सुदृढ भाषाई और संचार कौशल वाले युवाओं की खोज कर उन्हें पार्टी से जोड़ना है। विगत दिनों छत्तीसगढ़ में इस कार्यक्रम को जारी करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने पूरे प्रदेश को 5 जोन में बांटा है, जिसमे सरगुजा संभाग को भी एक जोन बनाया गया है। प्रत्येक जोन में एक 5 सदस्यीय टीम का गठन इस कार्यक्रम के संचालन हेतु निर्धारित किया गया है। सरगुजा जोन की टीम में शामिल कांग्रेस प्रवक्ता गुरुप्रीत सिंह सिद्धू ने जानकारी दी है कि नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 7 नवंबर से 20 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। आवेदन पेश करने के लिए पार्टी ने लिंक और क्यु आर कोड जारी किया है जिसका उपयोग कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। 21 नवंबर से 25 नवंबर तक आवेदन पत्र की छटनी के बाद 25 से 30 नवंबर तक पात्र आवेदकों का ऑनलाइन साक्षात्कार होगा। इसके उपरांत 1 से 5 दिसंबर के बीच चयनित अभ्यर्थियों से फिजिकल साक्षात्कार और पैनल डिस्कसन कर कांग्रेस अपने प्रवक्ताओं को चुनेगी। कांग्रेस अपने विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिए उन युवाओं के चयन को प्राथमिकता देगी जो कांग्रेस के मूल्यों में आस्थावान हैं।

## रात के समय मरीजों को करना पड़ता है ठंड का सामना

# अव्यवस्था के बीच संचालित हो रहा शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है जहां लोग जांच के साथ उपचार करा सके। ग्रामीणों की सुविधा के लिए शंकरगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था की गई है। हैरानी की बात यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन की लापरवाही के कारण मरीज समेत परिजन सुविधाओं से वंचित है। आलम यह है कि पठारी क्षेत्र में ठंड़ बढ़ने के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को कंबल तक नसीब नहीं हो रहा है जबकि पिछले चार पांच दिनों से पारा काफी नीचे गिर चुका है। ऐसे में मरीज व परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- ठंड बढ़ने के बाद भी प्रसूता सहित अन्य मरीजों को नहीं मिल रहा कंबल

क्षेत्र में बीते 4-5 दिनों से ठंड अचानक बढ़ने लगी है। दिन का अधिकतम तापमान जहां 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह और रात के समय ठंड का असर साफ महसूस किया जा रहा है। लोग राहत के लिए गर्म कपड़े निकाल चुके हैं, लेकिन शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को अब तक कंबल और चादर की सुविधा नहीं मिल पा रही है। अस्पताल के वार्ड में दाखिल किसी भी मरीज को अस्पताल की ओर से कंबल या चादन नहीं दी गई है। ऐसे में मरीज के परिजन अपने घरों से कंबल, दरीं और शाल मंगा कर ठंड से बचाव करते है। दूर दराज क्षेत्र के आए मरीज के परिजन के पास कंबल नहीं होने से बाजार से महंगे दामों पर कंबल खरीदने को मजबूर है। गौरतलब है की शंकरगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन बड़ी संख्या में मरीज जांच व उपचार कराने पहुंचते है। अस्पताल में दाखिल होने वाले गंभीर मरीज को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जाता है जबकि बीमारी व सड़क दुर्घटना में मामूली चोट लगने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार किया जाता है। इसके अलावा आसपास गांव से प्रसव के लिए प्रसूता भर्ती होती है। क्षेत्र में ठंड बढ़ने के बावजूद प्रसूताओं को अस्पताल की ओर से एक कंबल तक नसीब नहीं होता जिससे प्रसूताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि ठंड बढ़ने के इस मौसम में अस्पताल प्रशासन तत्काल कंबल, चादर और हीटर जैसी बुनियादी सुविधाएं अस्पताल उपलब्ध कराए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।



शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।

### अस्पताल में नहीं मिल रही सुविधा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल होने वाले मरीजों को कई सुविधाएं शासन प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाती है7 जिसमें ठंड के दिनों में कंबल देना भी शामिल है। जिले में ठंड ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को कंबल नसीब नहीं हो पा रहा। अस्पताल में दाखिल मरीजों बताया कि रात के समय ठंड अधिक बढ़ जाती है लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई। कोदवा गांव से आई महिला ने बताया कि वह प्रसूति वार्ड में भर्ती है, पर वहां भी कंबल नहीं दिए गए हैं। जब अस्पताल से कंबल की मांग की गई तो कहा गया कि अस्पताल ऐसी कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में घर से ही कंबल मंगा कर ठंड से बच रहे है।

### नदारद रहते है डॉक्टर एवं स्टाफ

अस्पताल में दाखिल मरीजों ने बताया कि अस्पताल में भर्ती होने के दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन डॉक्टर वार्ड में देखने नहीं आते। मरीज ने बताया कि प्रसव के बाद नर्स भी प्रसूता को देखने और हाल चाल जानने नहीं आते है। जिससे हमें मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।



### स्टाफ से करता हुं चर्चा

मैं अभी बैठक में हुं, अस्पताल में मरीजों को कंबल नहीं दिया जा रहा है इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ से चर्चा करता हूं।

-डॉ. बसंत सिंह, सीएमएचओ बलरामपुर



# 41 छात्राओं को मंत्री राजवाड़े ने वितरण की साईकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजबनगर में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा नवमी की 41 छात्राओं को साईकल वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थीं,अन्य अतिथियों में भाजपा नेता अजय गोयल,देवधन राम बिंझिया, संदीप सरकार, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े,विद्यालय प्राचार्य श्रीमती विरजानिया केरकेट्टा,सरपंच सविता सिंह उपस्थित रहे,कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें,ताकि पढ़ लिखकर अच्छे राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकें, दूरदराज से आए हुए कक्षा 9 वीं के बच्चों को उनकी सुविधा के लिए सरस्वती साइकल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया है। मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल परिसर में बाउंड्रीवॉल बनवाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, श्यामल दास, प्रदीप सरकार, आनंद विश्वास, तारक सरदार, माधव मंडल, रतन माली, श्यामल समद्दार, भागवत प्रजापति, नयन साय, दुष्यन अग्रवाल व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालक पोशाक बेहरा और आभार व्यक्त गामिनी सिंह ने किया।


### चोरों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान से पार किया राशन

**अम्बिकापुर।** बतौली बिलासपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरों ने ताला तोड़ कर लगभग 18 हजार से अधिक कीमत के राशन चोरी कर लिया। संचालक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी सुनील कुमार सरसोरिया आ. स्व. हरि भजन सरसोरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पिछले पांच साल से बिलासपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन करता है। गत दिन उचित मूल्य दुकान गया तो दुकान सही सलामत था। आज सुबह गया तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ था। संचालक न जब दुकान में रखे राशन का मिलान किया तो पता चला कि चोरों ने 18 हजार 200 रूपए कीमत के 46 बोरी चावल, 8 बोरी शक्कर गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# जिले के जलाशयों से बढ़ रही सिंचाई क्षमता-किसानों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- विभिन्न जलाशयों के किया गया है जीर्णोद्धार



कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न जलाशयों के जीर्णोद्धार से कृषकों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल रही है। जलाशयों की क्षमता में हुई वृद्धि से क्षेत्र के कृषि उत्पादन में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

बृजेश्वरसागर जलाशय योजना वर्ष 1980 में ग्राम कुसमुसी विकासखंड भैयाथान में निर्मित की गई थी। 990 मीटर लंबे इस बांध की कैचमेंट एरिया 3.5 वर्ग मील है। नहरों की कुल लंबाई 7,530 मीटर है। उपयोगी जल भराव क्षमता 1.045 मि.घ.मी. तथा 454 हेक्टेयर है। पूर्व में इस जलाशय से 90 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो जीर्णाद्धार के बाद बढ़कर 258 हेक्टेयर हो गई है। डुमरिया जलाशय योजना वर्ष 1989 में ग्राम डुमरिया में निर्मित की गई थी। 480 मीटर लंबे इस बांध की कैचमेंट एरिया 1.76 वर्ग मील और जल भराव क्षमता 0.595 मि.घ.मी. है। पहले इस योजना से मात्र 30 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो अब बढ़कर 160 हेक्टेयर हो गई है। इससे ग्राम डुमरिया, बंसीपुर एवं करोंधा के कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। पीढ़ा जलाशय योजना वर्ष 1987 में ग्राम सिन्दूरी विकासखण्ड सूरजपुर में निर्मित की गई थी। 840 मीटर लंबे इस बांध की उपयोगी जल भराव क्षमता 0.623 मि.घ.मी. है। पूर्व में 65 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो अब 95 हेक्टेयर तक बढ़ गई है। इससे ग्राम पीढ़ा के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। चन्द्रपुर जलाशय योजना वर्ष 1980 में ग्राम चन्दरपुर विकासखंड भैयाथान में निर्मित की गई थी। 930 मीटर लंबे इस बांध की कैचमेंट एरिया 1.02 वर्ग मील तथा जल भराव क्षमता 0.568 मि.घ.मी. है। पहले जहां केवल 42 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, वहीं जीर्णाद्धार के बाद यह क्षमता बढ़कर 160 हेक्टेयर हो गई है। इन जलाशयों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्यों से न केवल सिंचाई क्षमता में वृद्धि हुई है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि की संभावनाएं बढ़ी हैं। प्रशासन द्वारा जिले के अन्य जलाशयों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी कार्यवाही की जा रही है, जिससे कृषि उत्पादन में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिला एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्रधिकरण की सचिव पायल टोपनो के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 8 एवं 9 नवम्बर को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

9 नवम्बर को शासकीय कुस्तुरबा गांधी आवासिय विद्यालय करकोटी, प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास भैयाथान, प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सूरजपुर, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बिहारपुर, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास तिवरागुडी, ग्राम जजावल, ग्राम रमकोला, ग्राम गिरजापुर, ग्राम भुवनेश्वरपुर, ग्राम जगतपुर, ग्राम बरौधी, ग्राम परसापारा एवं ग्राम शिवनंदनपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। विशेष जागरूकता अभियान में थाना झिलमिली थाना रमकोला एवं थाना रामानुजनगर द्वारा यातायात, सायबर सुरक्षा एवं नशे के विरूद्ध संचालित जन जागरूकता अभियान को लेकर अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम के अवसर पर अधिकार मित्र सत्य नारायण ने बताया की राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य वंचित और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, कानूनी जागरूकता बढ़ाना और समाज में न्याय तक सबकी समान पहुंच सुनिश्चित करना है। 9 नवम्बर को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के लागू होने की याद में मनाया जाता है। जिसके तहत राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना हुई है। उन्होने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति केवल आर्थिक या अन्य कारणों से न्याय से वंचित न रहे, साथ ही विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन करना है। इस अवसर पर थाना झिलमिली, थाना रमकोला, थाना रामानुजनगर से प्रधान आरक्षक और अन्य आरक्षक एवं अधिकार मित्र बृजवासी सिंह, चिरंजीव लाल राजवाड़े, सद्दाम हुसैन, कृष्णकांत कुशवाहा, कांति सिंह, रोहित कुमार राजवाड़े, पेयम सिंह, अमन आकाश केरकेट्टा, नितेश कुमार साहू, श्रीमती पुष्पा साहू, अक्षयवर लाल गुप्ता, राजिया खान एवं प्रियंका यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



### जनपद पंचायत में किसानों को वितरण किया गया बीज

**शंकरगढ़।** जनपद पंचायत के कृषि विभाग द्वारा आज बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अमीन साय, अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति ने की। कार्यक्रम में कृषि स्थायी समिति के सदस्य प्रभु राम भगत एवं तिलसाय, जनपद सदस्य, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त बीजों का वितरण किया गया, जिसमें गेहूं 150 क्विंटल, सरसों 12 क्विंटल , अलसी 16 क्विंटल चना 30 क्विंटल का वितरण 50 प्रतिशत अनुदान पर किया गया। मुख्य अतिथि चिंतामणि भगत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण से फसल उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और किसानों की आमदनी में सुधार आएगा। अध्यक्ष अमीन साय ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर बीज और तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे कृषि कार्य और अधिक उन्नत बन सके। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने बीज वितरण योजना की सराहना की। कार्यक्रम में शंकरगढ़ क्षेत्र के सभी ग्रामों से आए किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी, रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / अ-2/2024-25

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-कौशलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री छत्रपाल कुर्रे आ. जगजीवन राम जाति हरिजन, निवासी कौशलपुर, तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कौशलपुर, प.ह.नं. 20, रा.नि.म. रामानुजनगर, तहसील रामानुजनगर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 491 रकबा 0.36 हे. भूमि में से 0.02 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 21/11/25 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/11/25 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,08 नवम्बर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल - जनरल फिजिषियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222666, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### भैयाथान हनुमान मंदिर में हर माह के दूसरे शनिवार को होगा मासिक भंडारा

**भैयाथान।** हनुमान मंदिर भैयाथान में हनुमंत सेवा समिति द्वारा मासिक भंडारे की परंपरा शुरू की गई है। अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को सेवा-भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में शनिवार को राम जानकी मंदिर के समीप श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा भगवान हनुमान की भक्ति एवं समाज सेवा की भावना को समर्पित है। क्षेत्रवासियों से सहयोग और सहभागिता से यह धार्मिक सेवा निरंतर दो माह से सफलतापूर्वक चल रही है। इसी क्रम में आगामी भंडारा 13 दिसंबर को 1 बजे से मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लेने की बात कही।

### मंत्री राजवाड़े के जन्मदिन पर 60 परिवारों को वितरण किया कंबल



भैयाथान। विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विकासखंड भैयाथान के ग्राम पंचायत तरका के पंडो बस्ती में 60 परिवारों को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान मिष्ठान खिलाकर पंडो समाज के परिवार के साथ जन्मदिन मनाए। युवा मोर्चा के महामंत्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मंत्री का कहना है की हम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहते है। विष्णु का सुशासन है सभी पंडो समाज के परिवार ने मंत्री को अपना आशीर्वाद व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान ऋषभ अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, मयंक गुप्ता, हृदय सिंह, अखिलेश सिंह व सरपंच सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वन अमले को दिया गया बाघों की गणना का प्रशिक्षण




**अम्बिकापुर।** एलीफेंट रिजर्व एवं गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को वन्यप्राणी प्रभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अखिल भारतीय बाघ गणना का प्रशिक्षण एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर रमकोला में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डब्लूडब्लूएफ के सीनियर एग्जीक्यूटिव उपेन्द्र दुबे एवं एलीफेंट रिजर्व के मास्टर ट्रेनर विनय कुमार टण्डन ने अधिकारी -कर्मचारियों को मोबाइल से एप के माध्यम से बाघ गणना की वैज्ञानिक पद्वति बताई। इस दौरान एप के माध्यम से गणना के प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। सीसीएफ वाइल्डलाइफ व क्षेत्रीय संचालक एस.वेंकटाचलम, उप निदेशक, श्रीनिवास तेन्नेटी, एसबी पाण्डेय, बीएस भगत, वीबी केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन की टीम ने जब्त किया 250 बोरी अवैध धान



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सिरसी, तहसील भैयाथान में संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने रवि शंकर गुप्ता आ. त्रिवेणी गुप्ता के गोदाम में बिना वैध दस्तावेज के रखे गए 250 बोरा धान को जब्त किया है। धान खरीदी कॉन्टेक्ट हुए जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर निगरानी कड़ी की गई है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध धान की किसी भी गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी का पूरा लाभ मिल सके।

### ऑडिटोरियम भवन से चोरों ने पार किया 85 हजार कीमत का सामान

सूरजपुर। लोनिवि के उप अभियंता कल्याण सिंह पोर्ते ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गत दिन चौकी चार दिनेश बारला ने सूचना दिया कि ऑडिटोरियम भवन का ताला टूटा हुआ है। सूचना पर जब अधिकारी मौके पर जायजा लिया तो पता चला कि ऑडिटोरियम भवन से साउण्ड सिस्टम, मिक्सर मशीन,चैनल, एम्पलीफायर, विद्युत तार सहित अन्य सामान गायब थे। लोनिवि के उप अभियंता कल्याण सिंह पोर्ते के मुताबिक चोरों ने भवन से लगभग 85 हजार कीमत से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

भगवानपुर खुर्द तालाब के समीप कर रहा था ग्राहक का इंतजार

# नशीले इंजेक्शन का एक और सप्लायर चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता टीम के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा संभाग में नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। संभागीय उड़नदस्ता की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे नशीले इंजेक्शन के सप्लायर को पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 42 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी युवक को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**

- टीम ने जब्त किया 42 हजार कीमत के नशीला इंजेक्शन



नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक।

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भगवानपुर खुर्द तालाब के पास एक युवक बड़ी संख्या में इंजेक्शन सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ भगवानपुर खुर्द आदिवासी पारा तालाब के आसपास घेराबंदी दी। इसी बीच संदिग्ध होत में तालाब के समीप मौजूद युवक को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ किया तो युवक ने अपना नाम अनीश तिग्गा बताया। उड़नदस्ता की टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास रखे थैले से 42 हजार कीमत के 84 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। उड़न दस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त का युवक को गिरफ्तार कर लिया। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

**दो दिन के भीतर दो कार्रवाई**

संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में न सिर्फ नशीले इंजेक्शन सहित टेबलेट के कारोबारियों के विरुद्ध धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है। गत दिन उड़नदस्ता की टीम ने शहर के मौलीबांध में नशीले इंजेक्शन खपाने के फिराक में घूम रहे एक युवक को पकड़ा था। वहीं आज दूसरे दिन पुनः संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने भगवानपुर खुर्द तालाब के समीप एक और युवक को पकड़ कर उसके पास से 42 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन बरामद किया। दो दिन के भीतर दो कार्रवाई करने से नशा के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**लगातार की जाएगी कार्रवाई**

संभागीय उड़न दस्ता की टीम न कुछ महीने के भीतर ही नशीले इंजेक्शन व टेबलेट बिक्री करने वालों के विरूद्ध 25 कार्रवाई की गई है। इस कारोबार से जुड़े कई कारोबारी जेल में है जो बाहर है उनकी तलाश जारी है। जल्द ही अन्य नशे के कारोबारियों को पकड़ लिया जाएगा।

\- रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

## करंजी रेलवे कोल साइडिंग की अव्यवस्था पर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करंजी रेलवे साइडिंग क्षेत्र में कोयला परिवहन और लोडिंग-अनलोडिंग से उपजा प्रदूषण ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ रहा है,गांव में चारों ओर उड़ती कोयले की धूल, टूटे रास्ते और दिन-रात गर्जन करते भारी वाहनों के कारण ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है,इन सबके खिलाफ राज्य बाल संरक्षण समिति के सदस्य सत्यनारायण जायसवाल ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था को सुचारू करने मांग की है।

- झुमर पारा स्थित जर्जर सड़क को शीघ्र मरम्मत कराने, की मांग

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम करंजी के रेलवे साइडिंग क्षेत्र में लम्बे समय से कोयले की लोडिंग-अनलोडिंग जारी है,आसपास की कई खदानों से कोयला बडे-बड़े ट्रक और ट्रालों के जरिए लाया जाता है, जो झूमरपारा रोड से होकर गुजरते हैं,इस निरंतर हो रही भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह से टूटकर जर्जर को चुकी है,अब हाल यह है कि सड़क पर बने बड़े गड्ढों में बारिश के जलभराव होने से छोटे तालाबनुमा आकार की जगह बन जाती है,जबकि गर्मियों में धूल के गुब्बारे बनकर उड़ते हैं,इस मार्ग से रोजाना विद्यालयीन समय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं, ट्रकों की तेज रफ्तार और उठती धूल बच्चों के लिए दोहरा खतरा बन गई है,सत्यनारायण जायसवाल ने ज्ञापन में चेताया है कि यदि इसी तरह लापरवाही जारी रही तो किसी दिन बड़ा हादसा होना निश्चित प्रतीत होता है,प्रशासन को तुरंत रोड की मरम्मत और ट्रकों के संचालन पर नियंत्रण लगाना चाहिए,गौरतलब है कि कोयला साइडिंग पर लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान उड़ने वाली कोयले की धूल से कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ, खांसी और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ रही हैं,कोल साइडिंग में न तो पानी का छिड़काव होता है,न प्रदूषण नियंत्रण की कोई व्यवस्था किया गया है,ज्ञापन में मांग किया गया है कि झूमरपारा रोड की तत्काल मरम्मत की जाए,कोयला परिवहन के दौरान नियमित पानी का छिड़काव हो,साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपाय किए जाएं और स्कूल समय में ट्रकों के संचालन पर रोक लगाई जाए।



## संस्था में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इंजीनियरिंग कॉलेज का वार्षिकोत्सव पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल , युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के आतिथ्य एवं सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में मंगलवार को मनाया गया। समारोह में प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने संस्था का नाम परिवर्तन करने पर अतिथियों का आभार जताया साथ ही सरगुजा संभाग का एकमात्र इंजीनियरिंग कॉलेज होने के कारण छात्रहित में इसे छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बनाने का आग्रह किया।

पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने कॉलेज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं को सही राह पर चलने और विकसित भारत बनाने के संकल्पना को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। सांसद चिंतामणि महाराज ने छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग कर देश एवं समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया तथा रामायण के प्रसंगों के माध्यम से समय की उपयोगिता के बारे में बताया। अतिथियों ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सम्मानित किया। अंत में सभी ने परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में ब्रम्हाकुमारी विद्या दीदी ने तनाव दूर करने के उपाय वही उपनिरीक्षक अभय तिवारी ने यातायात नियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम दीवान तथा आभार प्रदर्शन डॉ.एच चंद्रा ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## नगर पंचायत कार्यालय में प्रेमनगर विधायक की उपस्थिति में परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में आज मंगलवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में परिषद की बैठक आहूत की गई,बैठक में 19 एजेंडे पर चर्चा उपरांत समय पर निर्माण कार्य न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

- 19 एजेंडों में चर्चा उपरान्त निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं करने पर पर सम्बंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव हुआ पारित



गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में मंगलवार को परिषद की बैठक हुई,बैठक में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों से नगर पंचायत के आय में बढ़ोतरी हेतु सुझाव लेकर कार्य को आगे बढ़ाने पर जोर दिया,यहां पर प्रेमनगर विधायक ने नपं में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए समय पर कार्यों के पूर्ण न होने पर चिंता जताते हुए ठेकेदारों से समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं,साथ ही समय पर कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की बात कही गई है,यहां पर पार्षदों द्वारा बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर कोल परिवहन कार्य में लगे भारी भरकम वाहनों के चलने से कालोनीवासियों को हो रहे दिक्कतों से निजात दिलाए जाने की मांग कर अन्यत्र मार्ग से कोल परिवहन कराए जाने की बात प्रेमनगर विधायक से की गई,जिस पर प्रेमनगर विधायक ने कलेक्टर से इस मामले में चर्चा करने का आश्वासन दिया है।बैठक में छठ घाट के सौंदर्यीकरण कार्य रिवाइज स्टीमेट की स्वीकृति समेत कर्मचारियों के संबंध में, नल जल योजना, सड़क स्विमिंग मशीन के संबंध में,झुग्गी बस्ती में सोलर लाइट व सोलर पंप स्थापना कराने जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया है,इसके अलावा व्यवसायिक परिसर की एक दूकान के निविदा होने के बाद भी आबँटन नहीं हो पाने का मुद्दा भी उठा जिस पर बताया गया कि उक्त फ़ाइल अनुमोदन के लिए सूरजपुर कलेक्टर को प्रेषित की गई है तब से मामला लंबित रह गया है।

बैठक में नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पार्षद संजीत यादव, विनोद सरवटे, रविन्द्र विश्वकर्मा,अर्चना लकड़ा, लक्ष्मी यादव, नीलम मंडल व अन्य उपस्थित थे।

# छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट को चार्ज शीट किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ठेकेदारों से मिलीभगत कर कंपनी के नियम कायदे के विपरीत जाकर करोड़ों रुपये के फर्जी तरीके से भुगतान करने,कंपनी के नियमों की अनदेखी कर फर्जीवाड़ा करने की मामले की शिकायत कम्पनी मुख्यालय स्थित विजलेंस विभाग से की गई थी,इसके दस माह बीत जाने के बाद विजलेंस जांच में अनियमितता प्रमाणित होने व मुख्य सतर्कता अधिकारी बिलासपुर के निर्देश पर एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन ने जांच में दोषी पाए गए छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट (ओवर सीयर)को चार्ज शीट जारी कर 72 घंटे के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है,जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर सभी को विभागीय जांच का सामना करने को कहा गया,गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र अनियमितता सहित बड़ी वित्तीय गड़बड़ी होने के कारण अक्सर सीबीआई और विजलेंस जांच के दायरे में रहने से सुर्खियों में रहा है,अब एक नया मामला सिविल विभाग से जुड़ा हुआ उजागर हूआ है जहां तथाकथित इंजीनियर इंचार्ज और सहायक अभियंता रिटायर्ड स्टॉफ ऑफिसर सिविल की सह पर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दे रहे थे,जिसकी शिकायत ठेकेदार द्वारा प्रमाण कंपनी के साथ संलग्न कर सतर्कता विभाग को साल के आरंभ में जनवरी में की गई थी,जिसके बाद जांच के लिए विजलेंस विभाग के अधिकारियों का लगातार बिश्रामपुर क्षेत्र का दौरा हो रहा था,हर एक शिकायत की विजलेंस टीम बारीकी से जांच कर तथ्य व सबूत जुटा रही थी,सभी कार्यों की जांच पूरा होने तथा गड़बड़ी और बोगस भुगतान करने का मामला प्रमाणित हो जाने के बाद कंपनी के सीवीओ के निर्देश पर क्षेत्रीय प्रबंधन ने सभी दोषी पाए गए छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट सिविल को आरोप पत्र सौंप कर अपना लिखित जवाब 72 घंटे के भीतर सौंपने को कहा है,सतर्कता विभाग की बड़ी कार्यवाही के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है,पहली बार एक साथ छह लोगों के पकड़ में आने व चार्जशीट जारी होने के बाद संबंधितों के मन में खलबली मची हुई है।

**इन 6 इंजीनियर असिस्टेंट को प्रबंधन ने थमाया आरोप पत्र**

क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन के द्वारा जिन कर्मचारियों को आरोप पत्र जारी किया गया है उनमें इंजीनियर असिस्टेंट फिरोज खान, जगरनाथ नंदी, सुरेश कुमार डिक्सेना, मिथलेश सिन्हा, अखिलेश सिंह, डीके सिंह के नाम शामिल हैं। इनमें से फिरोज खान और अखिलेश सिंह वर्तमान में भटगांव क्षेत्र में पदस्थ हैं जबकि जगरनाथ नंदी और सुरेश कुमार डिक्सेना बैकुंठपुर क्षेत्र जबकि मिथलेश सिन्हा बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र और डीके सिंह नगर प्रशासन कार्यालय सिविल बिश्रामपुर टीए में कार्यरत हैं। उक्त सभी ओवर सीयर जो पूर्व में लंबे समय तक बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ रहते हुए वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिए हैं। क्षेत्र के ही एक ठेकेदार द्वारा संबंधित इंजीनियर असिस्टेंटो द्वारा चुनिंदा ठेकेदारो से मिलीभगत कर व्यापक पैमाने में वित्तीय गड़बड़ी कर बोगस भुगतान की शिकायत की गई थी, करीब दस माह तक चले जांच परीक्षण के बाद सतर्कता विभाग की टीम ने जांच रिपोर्ट सीवीओ को प्रस्तुत किया जिसके बाद सीवीओ ने बिश्रामपुर जीएम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

**कई करोड़ रुपये के फर्जीवाड़ा करने के लगे आरोप**

बताया गया कि क्षेत्र के चल रहे दो से ढाई करोड़ के वर्तमान सहित पुराने एएमसी कार्य में संबंधित इंजीनियरिंग असिस्टेंट द्वारा बिना काम के ठेकदार को करोड़ो रुपये का भुगतान कर दिया गया, जिसमें लेबर सप्लाई के काम में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई है,इसी प्रकार अमेरा खदान में 20 लाख के डब्ल्यूबीएम सड़क में बिना काम के भुगतान करने से हंगामा होने व मामला उजागर होने के बाद पुनः इसी जगह पर शीघ्र ही 25 लाख का टेंडर कर कार्य करने,एकता स्टेडियम में कंपनी स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने, क्रिकेट पिच तैयार करने एवं घास लगाने के काम के बदले केवल वाइट वाशिंग कर पूरा बिल आहरण कर लिया गया, इसके अलावा अन्य कार्यों में बड़े स्तर पर फर्जी एमबी बुक बनाकर सम्बंधित ठेकेदार को भुगतान कर देने का मामला जांच में पकड़ में आया है।



## लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वन प्रबंधन समिति द्वारा ग्राम डिगनगर, ओंकारा और पतरापारा क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों को कच्चे लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समिति प्रबंधक सुरेश सोनी एवं वन धन जिला प्रबंधक बलरामपुर सौरव गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की वन धन खरीदी योजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता और साल बीज के साथ-साथ राज्य सरकार अब अन्य कच्चे लघु वनोपजों की भी खरीदी कर रही है, जिससे वनोपज विक्रेताओं को आमदनी के नए स्त्रोत प्राप्त हो रहे हैं। वर्षभर किसी न किसी प्रकार की वनोपज की पैदावार होती रहती है, इसलिए ग्रामीणों को इसके संग्रहण और प्रसंस्करण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रामीणों को हरा संग्रहण और प्रसंस्करण के विषय में प्रशिक्षण व जानकारी दी जा रही है।

## छात्र-छात्राओं को दी गई कानून संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में तालुका विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ओपी चौहान एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सतीश कुमार खाखा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।



स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ओपी. चौहान ने कहा कि कानून केवल दंड का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना का साधन है। हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। वहीं सतीश कुमार खाखा ने कहा कि विधिक साक्षरता से समाज में न्याय के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ती हैं। युवाओं को बचपन से ही कानून की मूल बातें समझनी चाहिए ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए विधि क्षेत्र के विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक राम, नक्षत्र तिवारी उपप्राचार्य, सुनील महापात्रा सहित सभी शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिलाओं की अगुवाई में नशामुक्ति की ओर बढ़े गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध शराब उन्मूलन एवं नशा विरोधी अभियान को लेकर सतत और सशक्त प्रयास जारी हैं। प्रतिदिन थाना और चौकी क्षेत्र के पुलिस अधिकारी अपने अमले के साथ गांव-गांव पहुंचकर चौपाल लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा रहे हैं तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला समितियों का गठन कर रहे हैं। इन समितियों के माध्यम से अब गांवों में नशामुक्त वातावरण तैयार हो रहा है और सामाजिक सौहार्द में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।



महिला समिति के सदस्य नशे के खिलाफ इस अभियान की प्रमुख शक्ति बन गई हैं। वे पुलिस टीमों के साथ मिलकर गांवों में निरंतर गश्त करती हैं, शराब बनाने और बेचने वालों पर पैनी नजर रखती हैं और पुलिस को हर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत देती हैं। कई स्थानों पर इन महिला समितियों ने स्वयं आगे बढ़कर अवैध शराब बनाने वाले स्थलों की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए शराब जब्त की और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। इस सक्रियता के परिणामस्वरूप अब गांवों में अवैध शराब की उपलब्धता में भारी कमी आई है। नशे के कारण होने वाले घरेलू विवाद और आपसी झगड़े में कमी आ रही है। ग्रामीणों में जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित हुई हैं, वहीं महिलाएं अपने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होकर प्रेरक उदाहरण पेश कर रही हैं।

## खबर संक्षेप



### होली क्रॉस के छात्र शौर्य सिंह को राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

**अम्बिकापुर।** होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 (एफ) के छात्र शौर्य सिंह ने इंडियन यंग इन्वेंटर्स एंड इनोवेटर्स चैलेंज में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान एवं नवाचार प्रतियोगिता एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. नीलेश देसाई, निदेशक, इसरो–स्पेस एप्लिकेशन सेंटर द्वारा किया गया। उन्होंने शौर्य के प्रोजेक्ट को वैज्ञानिक सरलता, ग्रामीण प्रासंगिकता और पर्यावरणीय अनिवार्यता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शौर्य का नवाचार धान की भूसी से निर्मित बायोप्लास्टिक और बीज-संवर्धित कागज़ पर आधारित है। यह परियोजना प्लास्टिक प्रदूषण और फसल अवशेष जलाने जैसी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है, साथ ही ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देती है। शौर्य को यह उपलब्धि श्रीमती ज़िग्यासा सिंह के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। उन्होंने कहा वह रचनात्मकता और अनुशासन का सुंदर समन्वय है। उसका विचार यह सिद्ध करता है कि विज्ञान जिम्मेदार और सुंदर दोनों हो सकता है। शौर्य ने कहा, मैं इस परियोजना को ग्रामीण स्तर पर व्यावहारिक इकाइयों में विस्तारित करना चाहता हूँ और टिकाऊपन बढ़ाने पर शोध जारी रखना चाहता हूँ। मेरा लक्ष्य है कि स्थायित्व केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आदत बने। शौर्य सिंह की यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। यह सिद्ध करता है कि अपशिष्ट को चमत्कार में बदला जा सकता है और युवा वैज्ञानिक भारत के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

### सर्व ब्राह्मण समाज की पहल पर मिशन चौक अब बनेगा परशुराम चौक



**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम कार्यालय में पहुंचकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत को ज्ञापन सौंप मिशन चौक को भगवान परशुराम के नाम पर चौक बनाने की मांग की। महापौर ने समाज के इस मांग को स्वीकार करते हुए घोषणा की कि 18 दिसंबर को स्व.रविशंकर त्रिपाठी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में परशुराम चौक के नामकरण की औपचारिक घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज द्वारा शुभ मुहूर्त निर्धारित करने के दिन चौक का भूमि पूजन किया जाएगा। यह चौक अब तक औपचारिक रूप से नामित नही था और पास में मिशन हॉस्पिटल स्थित होने के कारण इसे लोगों ने मिशन चौक का नाम दिया है। इस चौक का नामकरण भगवान परशुराम के नाम पर करने में किसी को आपत्ति नहीं है। चौक के सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी ब्राह्मण समाज की रहेगी। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि चौक पर भगवान परशुराम के फरसे की स्थापना की जाएगी क्योंकि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार हैं और उनकी पूजा मंदिर में की जाती है। चौक पर मूर्ति की स्थापना नहीं कर केवल फरसे का प्रतीक स्थापित किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद राहुल त्रिपाठी, विपिन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। यह निर्णय ब्राह्मण समाज सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहा है।

### टमाटर लोड पिकअप घर में घूसा, बाल-बाल बचे लोग

**अम्बिकापुर।** ग्राम पंचायत बकना में टमाटर लोड एक तेज रफ्तार पिकअप घर के परछी वाले हिस्से को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर घर में जा घूसा। गनीमत था कि घटना के समय घर के लोग आंगन में अलाव के पास बैठे थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में धुत था। जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक यूपी 66 एटी 3781 का चालक सोमवार को बकना कला क्षेत्र में टमाटर लेने गया था। आसपास क्षेत्र लगभग 40 से 50 ट्रे टमाटर लोड कर जैसे ही बकना कला पंचायत भवन की ओर जाने लगा तभी पंचायत भवन से पहले ही शिवा प्रसाद के घर के सामने वाले हिस्से को तोड़ते हुए घर में घुस गया। शिवा प्रसाद सहित परिवार के अन्य लोग आंगन में अलाव के पास बैठे थे। घर टूटने की आवाज सूनते ही बाहर निकले तो उनके होश उड़ गए। घर के लगभग 50 मीटर हिस्से को पिकअप वाहन से क्षतिग्रस्त हो गया। मकान मालिक के मुताबिक वाहन के कारण लगभग 1 लाख का क्षति हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक चालक शराब के नशे में धुत था और बदगरी स्थित एक मोबाइल टॉबर अहाता को क्षति करते हुए बकना कला पहुंचा था। ग्रामीणों ने चालक की खातिरदारी कर लुण्ड्रा पुलिस के सुपुर्द किया है।

## न्यूनतम तापमान पहुंचा 7.6 डिग्री, मैनपाट का पारा 4.0 डिग्री

# शीतलहर के प्रभाव से पारा में रिकॉर्ड गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से मंगलवार को पारा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। सर्द हवाओं के प्रभाव से अम्बिकापुर का न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड गिरावट के साथ 7.6 डिग्री पर पहुंच गया है जबकि छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट सहित पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसून पाट का पारा 4.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

- पठारी क्षेत्रों में जमा पाला

पिछले दो दिनों से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। राजस्थान के रेगिस्तान से लगातार पहुंच रही शुष्क वहीं हिमालय से टकराने के बाद बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही सर्द हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। हालत यह है कि वातावरण की नमी सूखने से शुष्कता बढ़ते जा रही है जिससे खुले स्थानों पर कड़ाके की ठंड लग रही है घरों के भीतर भी ठंड से राहत नहीं मिल रही है। वातावरण में कनकनी की मात्रा बढ़ने के कारण दिन में भी लोगों को गर्म कपड़ा पहनना पड़ रहा है। शीत लहर का प्रभाव पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में भी देखा जा रहा है। शीत लहर के प्रभाव से वातावरण की आर्द्रता 30-32 फीसदी के मध्य पहुंच गई जो दो दिन पूर्व तक 40 फीसदी रह रही थी। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीत लहर का प्रभाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं वहीं मौसम विभाग ने 15 नवम्बर तक शीत लहर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। शीत लहर के प्रकोप के बीच आगामी दिनों में पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। पछुआ विक्षोभ या अन्य मौसमी व्यवधान के उत्पन्न होने से आगामी दिनों में शीत लहर से राहत मिल सकती है। दूसरी तरफ मौसमी व्यवधान शीत लहर पर प्रभावी नहीं हुआ तो ठंड का प्रभाव आगे जारी रहने की संभावना है। शीत लहर के प्रभाव से मंगलवार को न्यूनतम तापमान में सामान्य से 6.3 डिग्री की गिरावट होने के कारण एक बार फिर सरगुजा छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा क्षेत्र बन गया है।



पैरा के ऊपर जमा पाला।

### मैनपाट में जमा पाला

शीतलहर के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट एवं बलरामपुर जिला अंतर्गत पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसून पाट का न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। पठारी क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह मैनपाट में घास के मैदानों एवं खलिहानों में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। ठंड बढ़ने के कारण इन क्षेत्रों में लोग सुबह धूप निकलने पर घरों से बाहर निकल रहे हैं तथा शाम में जल्दी घर लौट जा रहे हैं जिसके कारण धान की कटाई सहित अन्य कार्य प्रभावित हो गए हैं।

### 6 दशक में पहली बार रिकॉर्ड गिरावट

आमतौर पर सरगुजा में नवम्बर के तीसरे सप्ताह में पारा में तेज गिरावट होती है। कई बार मध्य नवम्बर के पूर्व भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है लेकिन पिछले 56 वर्षों में मंगलवार को मध्य नवम्बर के पूर्व न्यूनतम तापमान में इतनी अधिक गिरावट दर्ज की गई है जब पारा सामान्य से 6.3 डिग्री की गिरावट के साथ 7.6 के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। न्यूनतम पारा में 0.3 डिग्री की और अधिक गिरावट होते ही क्षेत्रवासियों को भीषण शीतलहर से जूझना पड़ सकता है।

### बच्चों, बुजुर्गों के लिए खतरनाक

विशेषज्ञ चिकित्सक वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड को बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बता रहे हैं तथा इनकी विशेष देखभाल करने एवं गर्म कपड़े पहनने के बाद ही खुले में निकलने की जरूरत बता रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.जेके रेलवानी ने बताया अधिक ठंड पड़ने पर सर्दी, खांसी सहित सांस, गले एवं फेफड़े में इन्फेक्शन होने की समस्या आती है। सभी आयु वर्ग के लोगों को सावधानी बरतने एवं बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।



## डॉ.हेडगेवार ने राष्ट्र यज्ञ में स्वयं को किया समर्पित : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ.हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाट्य का मंचन पीजी कॉलेज के सभागार में सोमवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, आरएसएस प्रांत सेवा प्रमुख तुलसीदास, संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष भगवान दास बंसल के आतिथ्य एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया।

नादब्रम्हा नाट्य ग्रुप की प्रस्तुतियों से सभागार में उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे। शहर में लंबे समय बाद नाट्य विधा का जीवंत अभिनय कला प्रेमियों को देखने को मिला। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि डॉ.हेडगेवार ने राष्ट्र यज्ञ में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना कर देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया। उन्होंने कहा कि एकता, अनुशासन व राष्ट्रीय चेतना से ही भारत देश आगे बढ़ेगा। संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि डॉ.हेडगेवार का संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित था। वे कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। नादब्रम्ह नाट्य ग्रुप के पद्घाकर धानोरकर ने बताया कि महाराष्ट्र व गोवा के बाद छत्तीसगढ़ में तीसरी नाट्य प्रस्तुति को दर्शकों का अद्भुत प्यार मिल रहा है। देश के अन्य राज्यों में भी प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम का संचालन संस्कार सेवा समिति के सचिव अजय मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन नरेंद्र सिन्हा ने किया। इस दौरान विभाग संघचालक जलजीत सिंह, विभाग कार्यवाह सहदेव भगत, सह विभाग कार्यवाह वंदे राम बैरागी, हेमंत नाग, अमरदीप देवांगन, नागेश नाथ योगी, गौरांगों सिंह, सिद्धिविनायक पाण्डेय, सम्पत चंदेल, अनुज दुबे, अभय पालोरकर, भोलानाथ गुप्ता, माधवेंद्र सिंह, विनीत गुप्ता, विशाल अग्रवाल, शिवमंगल सिंह, विधायक प्रबोध मिंज व रामकुमार टोप्पो, महापौर मंजूषा भगत, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, अखिलेश सोनी, अनिल सिंह मेजर, भारत सिंह सिसोदिया, हरमिंदर सिंह टिन्नी, ललन प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## चार दिन के नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** दुष्कर्म पीडिता ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया जहां चार दिन बाद शिशु की मौत हो गई।

- दुष्कर्म पीड़िता ने दी थी जन्म, रिश्ते के चाचा ने किया था अनाचार

किशोरी के साथ कोई दूसरा नहीं बल्कि उसके रिश्ते के चाचा ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के नगोई निवासी 16 वर्षीय किशोरी मार्च माह में रिश्ते के चाचा के साथ सोमवारी बाजार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में सुनसान जगह पर रिश्ते के चाचा ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन लोक लज्जा के डर से दुष्कर्म की घटना को दबा दिया। इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गई। प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन कुछ दिन पूर्व की किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर उसे एसएनसीयू वार्ड में रख उपचार शुरू किया गया जहां चार दिन बाद शिशु की मौत हो गई। आज मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा हेतु बैठक 13 को

अम्बिकापुर। सरगुजा संभाग के विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संभागायुक्त कार्यालय अम्बिकापुर में 13 नवंबर को समीक्षा बैठक आयोजित की है। समीक्षा बैठक प्रातः 11 बजे कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। कमिश्नर कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर और एमसीबी में लंबित पेंशन प्रकरणों की सूची तैयार की गई है। जिले के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभाग से संबंधित सभी लंबित पेंशन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी के साथ संपूर्ण ब्यौरा बैठक से पूर्व कमिश्नर कार्यालय को उपलब्ध कराने एवं बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## कैबिनेट मंत्री व महापौर ने किया शहर में 14 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मंगलवार को शहर में 14 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया।

बता दें कि शहर में विकास कार्यों के लिए शासन से 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस राशि से शहर के वार्डों में डामरीकरण, पैच रिपेयरिंग के साथ ही अन्य कार्य कराए जाने है। शहर में विकास कार्यों के लिए जोनवार टेंडर किया गया है। मंगलवार को शेष बचे 14 करोड़ रुपए के कार्यों के लिए सभी जोन का सामूहिक भूमिपूजन आयोजित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अब शहर में विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। 14 करोड़ रुपए की लागत से विभिन वार्डों में डामरीकरण, सीसी सड़क और नाली निर्माण के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने राजमोहिनी देवी भवन के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाने और नगरोत्थान योजना के खाली जमीन में ऑडिटोरियम के बगल में डोम निर्माण करने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती भगत ने बताया कि शहर में विकास का काम निरंतर जारी रहेगा। वर्तमान में 18 करोड़ रुपए की लागत से कार्य कराए जा रहे है जबकि शासन से पुनः 21 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है इस राशि से भी डामरीकरण और मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। शहर में जर्जर सड़कों की समस्या नहीं रहेगी। लोक निर्माण विभाग और एनएच द्वारा भी सड़को का काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही होने पर ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, जितेन्द्र सोनी, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, मनोज गुप्ता, मधुसूदन शुक्ला, आलोक दुबे, शशी जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट हुई गंगापुर शराब दुकान

**अम्बिकापुर।** गंगापुर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान को प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां आज से शराब बिक्री का संचालन शुरू हो गया है। गंगापुर मोहल्ले के लोगों द्वारा लंबे समय से शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे थे। शराब दुकान मोहल्ले से हट जाने से अब लोगों ने राहत की सांस ली। शहर के गंगापुर मोहल्ले में कुछ साल से शासकीय शराब दुकान का संचालन शुरू किया गया। शराब दुकान संचालित होने तथा शाम के समय शराबियों के भीड़ होने से मोहल्ले के लोग काफी परेशान थे। मोहल्ले की महिलाओं द्वारा पूर्व में शराब दुकान हटाने के लिए प्रशासन से कई बार गुहार लगाई लेकिन शराब दुकान को दूसरे जगह स्थानांतरित नहीं किया गया। इसी बीच मोहल्ले के लोगों से रूबरू होने पहुंचे मंत्री राजेश अग्रवाल से मोहल्ले के लोगों ने शराब दुकान हटाने की मांग की। जिस पर मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा शराब दुकान दूसरे जगह स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया। लंबे समय से लोगों द्वारा की जा रही मांग पर बीती रात गंगापुर स्थित शासकीय शराब दुकान को प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट किया गया। मोहल्ले से शराब दुकान हटाने पर अब मोहल्ले वासियों ने राहत की सांस ली।






## पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार, जमीन विवाद पर उतारा मौत के घाट



**सीतापुर।** जमीन विवाद पर पिता की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस स मिली जानकारी के अनुसार मृतक रूपधर अचगले अपने छोटे बेटे जीतराम अचगले के साथ रहता था जबकि उसका बड़ा बेटा नेतराम अपने परिवार के साथ अंबिकापुर में रहता है। नेतराम 10 नवंबर को अपनी पत्नी के साथ गृह ग्राम आया था और अपने साढ़ू गोपाल राम के घर में रुका था। इधर रूपधर अचगले दोपहर 2 बजे सब्जी बेचने के लिए गुतुरमा चौक हटरी गया था। इस दौरान लोगों ने नेतराम को दो से तीन बार बाजार में घुमते देखा था। शाम को 6.30 बजे मनोज अचगले ने जीतराम को घर जाकर सूचना दी कि किसी ने उसके पिता की हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा की राजेश अचगले के घर के सामने उसका पिता रूपधर मृत पड़ा हुआ है। इस दौरान लोगों ने बड़े बेटे नेतराम द्वारा उसकी हत्या किए जाने की बात कही गई। इस घटना की सूचना जीतराम ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया इसके साथ ही पुलिस ने घेराबंदी कर 55 वर्षीय नेतराम अचगले आ. रूपधर राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जमीन विवाद पर उसने लकड़ी के फाड़ी से हत्या करने और स्कूटी से भागने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर सीआर चंद्रा, उनि रघुनाथ राम भगत, सउनि अरुण गुप्ता, आरक्षक राकेश यादव, महेन्द्र नाग, धनकेश्वर यादव, जगन्नाथ कुजूर सक्रिय रहे।

### ग्राम सिरसी में ग्रामीण के घर से 250 बोरी धान जब्त

**अम्बिकापुर।** राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत ग्राम सिरसी में छापामार कार्रवाई के तहत एक ग्रामीण के गोदाम से 250 बोरी अवैध धान जब्त करने में सफलता पाई है। घर में अवैध धान भण्डारण करने की सूचना पर संयुक्त टीम ने रविशंकर गुप्ता आ.त्रिवाणी गुप्ता के गोदाम की जांच की तो 250 बोरी धान मिला। टीम जब्त धान को दूसरे राज्यों से मंगाने एवं समिति में खपाने के उद्देश्य से भण्डारित करने की संभावना व्यक्त की है। ग्रामीण द्वारा वैद्य लाइसेंस के बिना धान संग्रहण करने की बात सामने आई है।

## पेज 1 के शेष...

### चार महीने से लापता किशोरी...

के बाद सहेलियों और परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद गांधीनगर पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। जांच के दौरान सहेलियों के बयान के आधार पर पुलिस को यह जानकारी मिली कि किशोरी का लुंड्रा क्षेत्र के एक नाबालिग से प्रेम प्रसंग था और दोनों के बीच बात चीत होती थी। ऐसे में पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चिरगा जंगल में हत्या कर लाश को दफन करने की जानकारी दी। इसी के तहत मंगलवार को पुलिस टीम बतौली के चिरगा स्थित जंगल में न्यायिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार बतौली, एसडीओपी सीतापुर फॉरेंसिक व डॉक्टरों की टीम के साथ पहुंची थी जहां संदेही की निशानदेही पर पुलिस ने खुदाई कर कंकाल बरामद किया।

### पूर्व मंत्री व मृतक के परिजन ने...

तक उन्होंने शव लेने से इनकार कर दिया है। इन सभी बातों को लेकर परिजन ने मंगलवार को पूर्व मंत्री अमरजीत भगत से उनके निवास पर मुलाकात की। इसके बाद सभी ने पूर्व मंत्री श्री भगत के साथ आईजी दीपक झा से मुलाकात की। परिजन ने अपनी मांगों के साथ ही कहा कि पुलिस पीएम के बाद भी शव को परिजन को देखने नहीं दिया और चोरी छिपे शव वैन में बहकर गृह ग्राम रवाना किया गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनपर लाठी भांजी गई। मुलाकात के दौरान आईजी श्री झा ने पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज की जांच का आश्वासन दिया। इसके साथ ही बताया कि चूंकि अब मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट के हाथों में है इसलिए वे ही फिर से पीएम की अनुमति दिला सकते है इस लिए परिजन न्यायिक मजिस्ट्रेट से मिलकर अपनी बात रखे और अपना बयान दर्ज कराए। इसके साथ ही वे मृतक का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करें क्यों कि युवक की मौत के तीन दिन हो चुके है लेकिन परिजन इस जिद पर अड़े रहे कि वे न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास नहीं जाएंगे। दिनभर चले गहमा गहमी के बाद आखिरकार मंगलवार को भी पुलिस व परिजन के बीच कोई सहमती नहीं बन पाई और शव का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया।

### नव नियुक्त कुलपति प्रो.कालपाले ने...

निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने विवि के विकास के संबंध में अन्य संभावनाओं पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। भ्रमण के दौरान उन्होंने परिसर में स्थित कुलपति आवास का भी जायजा लिया तथा आवास के शेष बचे कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए स्वयं भी परिसर में निवास करने की इच्छा जताई। उन्होंने भकुरा परिसर स्थित प्रशासनिक कार्यालय में कुलपति कार्यालय की यथाशीघ्र व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि फाइलों के निष्पादन के लिए कर्मचारियों को व्यर्थ भागदौड़ न करना पड़े साथ ही सारे काम सुचारू रूप से संचालित हो सके।



